कोटद्वार, गुरूवार
6 मार्च 2025
वर्ष: 46
अंक: 291 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### युवती को इंग्लैंड में नौकरी दिलाने का झांसा दे ठग लिए 25.70 लाख

देहरादून। देहरादून निवासी युवती को इंग्लैंड में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि रेनी इमिग्रेशन नाम की कंपनी के संचालक दंपति ने युवती से 25.70 लाख रुपये लेकर इंग्लैंड भेजने के फर्जी दस्तावेज थमा दिए। मामले में बसंत विहार थाना पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता कुमारी सारंग श्रीवास्तव निवासी अनुपम विहार, इंजीनियर एंक्लेव, कांवली ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत दी। शिकायत में कहा कि उसे और उसकी मां को किसी परिचित ने बताया कि आनंद गुप्ता और उनकी पत्नी तानिया गुप्ता विदेश भेजने का कार्य करते हैं। मार्च 2024 के पहले सप्ताह में मां बेटी रेनी इमिग्रेशन के कार्यालय अनुराग चौक, देहरादून गए। वहां आरोपियों ने इंग्लैंड का वीजा दिलाने और वहां नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। आनंद गुप्ता ने बताया कि उनकी पत्नी तानिया गुप्ता यूरोपीय देशों में युवाओं को भेजने का काम करती हैं और वह दुबई से आकर उनका काम कराएगी। आरोप है कि अनुसार आनंद गुप्ता और तानिया गुप्ता ने अलग–अलग तारीखों पर 25.70 लाख रुपये लिए लिए। इसके बाद पीड़िता को तीन फर्जी स्पॉन्सरशिप प्रमाण पत्र दिए गए। जिनकी जांच करने पर वे नकली पाए गए। इसके अलावा आरोपी दंपति ने इंग्लैंड वीजा की प्रक्रिया के तहत फर्जी मेल तैयार कर उसे भेजा। जब पीड़िता ने स्वयं ब्रिटेन होम ऑफिस और यूके एंबेसी से संपर्क किया तो उसे असली मेल मिला। जिसमें यह स्पष्ट था कि उसके वीजा आवेदन में एजेंट ने फर्जी दस्तावेज लगाए गए थे। जब पीड़िता ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी कार्यालय से गायब हो गए और अब फोन पर धमकियां दे रहे हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि तानिया गुप्ता के पिता आदित्य रंजन उनका पीछा कर रहे हैं और किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं।

### गरुड़ में 22 करोड़ से बनेगी मल्टी लेबल पार्किंग

बागेश्वर। यातायात और ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति के लिए गरुड़ टैक्सी स्टैंड में मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण जल्द होगा। इसके लिए विधायक पार्वती दास और दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने भूमि पूजन किया। विधायक दास ने कहा कि गरुड़ में मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण से सभी वाहन चालकों सहित पर्यटकों के लिए लाभकारी साबित होगा। लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। दर्जा मंत्री बिष्ट ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा आज धरातल पर उतर रही है। यह हर्ष का विषय है। गरुड़ की जनता को लंबे समय से इस पार्किंग का इंतजार था। मनजीत देशवाल एई ने बताया कि 22 करोड़, 17 लाख, 90 हज़ार की लागत से पांच मंजिला पार्किंग का निर्माण होगा। इसमें 218 वाहन पार्क हो पाएंगे। गरुड़ विकासखंड की जनता को इसकी सुविधा मिलेगी। साथ ही बैजनाथ आने वाले पर्यटकों को भी राहत मिलेगी। पार्किंग में महिला पुरुष वॉशरूम की सुविधा भी होगी। पूर्व विधायक कपकोट ललित फर्स्वाण ने कहा कि गरुड़ के लिए मल्टी पार्किंग का निर्माण विकास का नया सोपान साबित होगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा, प्रशासक हेमा बिष्ट, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष कुंदन भंडारी, महेश बोरा, दिनेश बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोपाल किरमोलिया,सुनील दोसाद भूमि पूजन में मौजूद रहे।

### ससुर ने किया पुत्रवधू के साथ दुष्कर्म, केस दर्ज

रुड़की। विवाहिता ने अपने ससुर पर छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पति समेत ससुरालियों पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 5 मार्च 2024 को थाना झबरेड़ा निवासी मुकीम के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के तहत हुई थी। उसकी सास की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। शादी के कुछ दिन बाद ही उसका ससुर अश्लील हरकतें करने लगा।

# देवभूमि उत्तराखंड आगमन से पहले पीएम ने दी राज्य को दी दो बड़ी सौगात

## केदारनाथ और हेमकुंड रोपवे के लिए केंद्रीय कैबिनेट की मिली मंजूरी, सीएम ने जताया पीएम का आभार


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोनप्रयाग से केदारनाथ और गोविन्दघाट से हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे विकास के लिए केन्द्रीय मंत्रीमंडल द्वारा मंजूरी दिये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड आने से पहले प्रधानमंत्री ने राज्य को दो बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे का विकास होने से श्रद्धालुओं को दर्शन में काफी सुगमता होगी। मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री से इन दोनों रोपवे के निर्माण के लिए अनुरोध किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उनके मार्ग दर्शन में उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार का हर क्षेत्र में राज्य को सहयोग मिल रहा है। श्री केदारनाथ का पुनर्निमाण, श्री बदरीनाथ के मास्टर प्लान के कार्य तेजी से हुए हैं।

उनके आने के बाद राज्य में शीतकालीन यात्रा में भी श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत पर्वतमाला परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किमी.) तक रोपवे को दी मंजूरी। केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत पर्वतमाला परियोजना के अन्तर्गत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किमी.) तक रोपवे को मंजूरी दी है। परियोजना का डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित होगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति (पीपीएचपीडी) होगी, जो प्रतिदिन 18 हजार यात्रियों को ले जाएगी।

### तीर्थयात्रियों के लिए वरदान साबित होगी रोपवे परियोजना

यह रोपवे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी, क्योंकि यह पर्यावरण-अनुकूल, आरामदायक और तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और एक दिशा में यात्रा का समय लगभग 8 से 9 घंटे से घटकर लगभग 36 मिनट कर देगी। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पूरे वर्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराएगी। रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में लास्ट मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी. की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल, घोड़ा-खच्चर, पालकी और हेलीकॉप्टर से किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग तथा केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है।

### गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे परियोजना के विकास को मिली मंजूरी

केन्द्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम-पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड राज्य में गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी (12.4 किमी.) तक रोपवे परियोजना के विकास को भी दी मंजूरी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक 12.4 किलोमीटर रोपवे परियोजना के निर्माण को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना का डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा, जिसकी कुल पूंजीगत लागत 2,730.13 करोड़ रुपये होगी।

वर्तमान में हेमकुंड साहिब जी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल, घोड़ा-खच्चर, पालकी से किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिब जी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है और यह गोविंदघाट और हेमकुंड साहिब जी के बीच हर मौसम में अंतिम मील की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी।

### रोपवे से प्रतिदिन 11,000 यात्री कर सकेगें यात्रा

रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह गोविंदघाट से घांघरिया (10.55 किमी) तक मोनोकेबल डिटैचेबल गोंडोला (एमडीजी) पर आधारित होगा, जिसे घांघरिया से हेमकुंड साहिब जी (1.85 किमी.) तक सबसे उन्नत ट्राइकेबल डिटैचेबल गोंडोला (3 एस) तकनीक से जोड़ा जाएगा, इसका डिजाइन इस तरीके से तैयार किया जाएगा, जिससे इसकी क्षमता प्रति घंटे प्रति दिशा 1,100 यात्री (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 11,000 यात्रियों को ले जाएगा। रोपवे परियोजना निर्माण और परिचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करेगी। रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, तीर्थयात्रियों के लिए अंतिम मील तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और क्षेत्र के तीव्र आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हेमकुंड साहिब जी उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में 15,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित तीर्थ स्थल है। इस पवित्र स्थल पर स्थापित गुरुद्वारा मई से सितम्बर के बीच साल में लगभग 5 महीने के लिए खुला रहता है और हर साल लगभग 1.5 से 2 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

## प्रधानमंत्री का उत्तराखंड के प्रति अटूट प्रेम—स्नेह का नतीजा है केदारनाथ रोपवे की मंजूरी : महाराज

देहरादून। प्रदेश के लिए अत्यंत प्रसन्नता और गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तरकाशी जनपद स्थित गंगोत्री धाम के शीतकालीन पूजा स्थल हर्षिल–मुखबा में शीतकालीन यात्रा का संदेश देने के लिए हमारे बीच पहुंच रहे हैं।



अपने दौरे से पूर्व उनका केन्द्रीय कैबिनेट से प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण सोनप्रयाग से केदारनाथ और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे को मंजूरी देना उनके उत्तराखंड के प्रति अटूट प्रेम और स्नेह को प्रदर्शित करता है। उक्त बात प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड को रोपवे की बड़ी सौगात देने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक क्षण है कि उनकी कैबिनेट ने नेशनल रोपवे डेवलपमेंट प्रोग्राम–पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दी है, जिसकी कुल लागत 4,081.28 करोड़ रुपये है। इससे सबसे बड़ा लाभ यह है कि मौजूदा समय में 8–9 घंटे लगने वाली यात्रा घटकर मात्र 36 मिनट रह जाएगी। केदारनाथ रोपवे से यात्रा का समय 8–9 घंटे से घटकर 36 मिनट हो जाएगा। श्री महाराज ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसले का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी का पर्वतमाला परियोजना के तहत गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दिए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच एवं गारंटी का ही परिणाम है कि पर्वतमाला परियोजना के तहत रोपवे निर्माण को केन्द्रीय कैबिनेट की मोहर लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शीघ्र कर दिया है कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा।

### औरंगजेब की तारीफ पड़ गई भारी, विधानसभा से सस्पेंड हुए सपा विधायक अबू आजमी

मुंबई ,महाराष्ट्र विधानसभा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब पर दिए गए एक विवादास्पद बयान के कारण पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया है। यह निलंबन बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद किया गया। संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने अबू आजमी के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। यह कार्रवाई अबू आजमी द्वारा छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित फिल्म ह्यछावाह्न को लेकर दिए गए एक बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने औरंगजेब को एक अच्छा प्रशासक बताया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुधीर मुंगंटीवार ने इस निलंबन पर और कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अबू आजमी को न केवल इस सत्र के लिए, बल्कि हमेशा के लिए विधायक पद से निलंबित कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, हम छत्रपति शिवाजी महाराज की पूजा करते हैं और उनका अपमान करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अबू आजमी ने हाल ही में छावा फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों के चित्रण की आलोचना करते हुए कहा था कि औरंगजेब एक न्यायप्रिय शासक था। उन्होंने यह भी दावा किया कि औरंगजेब के शासनकाल में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था और उसने कई मंदिरों का निर्माण कराया था।

## बाबा बर्फानी के भक्तों के लिए खुशखबरी, इस दिन से शुरु होगी अमरनाथ यात्रा

नई दिल्ली ,बाबा बर्फानी के भक्तों के लिए खुशखबरी है, क्योंकि इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा की तिथियों का ऐलान कर दिया गया है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने घोषणा की है कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई, 2025 से शुरू होकर 9 अगस्त, 2025 तक चलेगी। यह निर्णय श्राइन बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया, जिसमें यात्रा को और अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस साल, श्रद्धालुओं के लिए रहने, खाने और सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की जाएगी, ताकि यात्रा का अनुभव आरामदायक और सुरक्षित हो। पिछले वर्ष की तरह, इस बार भी अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। पिछले साल पंजीकरण 17 अप्रैल से शुरू हुए थे और इस वर्ष भी इसी समय के आसपास पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।



अमरनाथ श्राइन बोर्ड के चेयरमैन और जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें जम्मू–कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और मुख्य सचिव अटल ढुल्लू शामिल थे। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को सवोच्च प्राथमिकता देने और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया गया। यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए, केंद्र सरकार ने बालटाल से पवित्र अमरनाथ गुफा तक रोपवे बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह रोपवे परियोजना, जो देश भर के 18 धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर रोपवे निर्माण के व्यापक कार्यक्रम का हिस्सा है, श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को काफी आसान बना देगी।

## चाईबासा में आईईडी ब्लास्ट

### सीआरपीएफ 197 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट साईं सहित 3 घायल

रांची,झारखंड के चाईबासा जिले में एक बार फिर से आईईडी ब्लास्ट हुआ है. जराइकेला थाना क्षेत्र के बलीबा में हुए ब्लास्ट में कुछ जवानों के घायल होने की सूचना है. इसमें सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट साईं भी घायल हुए हैं. झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह ब्लास्ट हुआ है. सभी घायलों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है.

बुधवार को जराइकेला थाना क्षेत्र के बलिबा में हुए ब्लास्ट में असिस्टेंट कमांडेंट सहित तीन जवान घायल हुए है. घायलों को एयरलिफ्ट कर हेलीकॉप्टर से रांची लाया जा रहा है. झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह ब्लास्ट हुआ है. चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है. इसी दौरान जवानों के मूवमेंट के समय ही नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी में ब्लास्ट हो गया. ब्लास्ट में सीआरपीएफ 197 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट साई के साथ साथ अन्य दो सीआरपीएफ जवान भी घायल हुए हैं. ब्लास्ट की यह घटना उस समय हुई है जब सीआरपीएफ के डीजीपी झारखंड के दौरे पर हैं. एक करोड़ के इनामी एनल की तलाश में चाईबासा के जंगलों में सुरक्षाबलों ने घमासान मचा रखा है.

मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 197 बटालियन कोबरा जवानों के साथ साथ बम निरोधक स्क्वाड को लेकर चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के बलिबा के जंगल में आईईडी क्लीन करने के लिए निकले थे.

### हाइटेंशन तार की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत

नवादा ,बिहार में नवादा के नारदीगंज थाना क्षेत्र के राजीव नगर इलाके में आज एक हृदयविदारक घटना घटी, जिसमें करंट लगने से दो बच्चों, एक महिला और एक पुरुष सहित चार लोगों की जान चली गई।

यह दुखद हादसा तब हुआ जब मृतक बस से उतरकर आगे की ओर जा रहे थे। वे दुर्भाग्यवश रास्ते में गिरे हुए एक हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस राजगीर से वनगंगा होते हुए खिजरसराय की ओर जा रही थी. घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को कब्जे में ले लिया है और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों में इस दुखद घटना से शोक की लहर है।

## अबू आजमी को यूपी भेज दो, इलाज हम कर देंगे, औरंगजेब के बयान पर सपा पर बरसे सीएम योगी

लखनऊ । मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आज़मी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमकर आक्रोश निकाला। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अबू आजमी को पार्टी से बाहर निकालो और नहीं तो यूपी भेज दो, बाकी ऐसे लोगों का उपचार हम अपने आप करवा देंगे। यूपी विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेज दीजिए, बाकी इलाज हम अपने आप करवा देंगे। जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की परंपरा पर गर्व करने के बजाय लज्जा महसूस कर रहा हो और औरंगजेब को अपना नायक मान रहा हो, क्या उसे भारत के अंदर रहने का अधिकार होना



चाहिए? समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए।उन्होंने आगे कहा, एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं, दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे क्रूर व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट किया हो। आप अपने उस विधायक को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते? आपने उसके बयान की निंदा क्यों नहीं की?

उन्होंने यह भी कहा कि शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि तुमसे (औरंगजेब) अच्छे तो हिन्दू हैं, जो माता–पिता की जीवित रहते तो सेवा करते ही हैं। उनकी मृत्यु के पश्चात उन्हें तर्पण के माध्यम से जल तो देते हैं। महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि थी, उसको वैसी ही सृष्टि प्रयागराज में देखने को मिली।उधर, औरंगजेब की तारीफ करने पर सपा नेता अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन के पटल पर अबू आजमी के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने पारित कर दिया।जानकारी के मुताबिक, इस सत्र के दौरान अबू आसिम आजमी के विधानसभा परिसर में घुसने पर भी पाबंदी रहेगी।इससे पहले अबू आजमी ने औरंगजेब वाले बयान पर सोशल मीडिया के जरिए सफाई दी।

## भारत में महिला बेरोजगारी दर बीते 6 वर्षों में गिरकर 3.2 प्रतिशत हुई: केंद्र

नई दिल्ली, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत में पिछले छह वर्षों में महिला बेरोजगारी दर तेजी से घटकर मात्र 3.2 प्रतिशत रह गई है।

देश में महिला कार्यबल की भागीदारी में सुधार लाने के लिए मसूरी में आयोजित दो दिवसीय विचार–विमर्श में मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि यह अधिक समावेशिता और आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बदलाव को दर्शाता है।

डावरा ने बताया कि पिछले छह वर्षों में भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में सकारात्मक रुझान देखा गया है, जिसमें आर्थिक भागीदारी बढ़ी है, बेरोजगारी घटी है और अधिक शिक्षित महिलाएं कार्यबल में शामिल हो रही हैं। डावरा ने कहा, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या



अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 2017–18 में 22.0 प्रतिशत से बढ्क़र 2023–24 में 40.3 प्रतिशत हो गया है, जबकि इसी अवधि में महिलाओं के लिए श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 23.3 प्रतिशत से बढ्क़र 41.7 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने आगे कहा, देश में महिला बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत से गिरकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। सरकार ने विकसित भारत 2047 के तहत महिला कार्यबल भागीदारी 70 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। इस विचार–विमर्श में उद्योग की मांग के अनुसार कौशल विकास पहलों को संरेखित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया, जिससे उच्च विकास वाले क्षेत्रों में महिलाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, कार्यस्थल सुरक्षा, न्यायसंगत नीतियों और लिंग–संवेदनशील श्रम कानूनों को मजबूत करना भी प्राथमिकता के रूप में उभरा। वहीं, इस कार्यक्रम में अनुपालन तंत्र, जेंडर ऑडिट और पोओएसएच को लागू करने की आवश्यकता को भी जरूरी बताया गया। इसके अलावा, सरकार डिजिटल रोजगार प्लेटफार्मों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो महिलाओं की डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने में मदद करेगा। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) संचालित कौशल कार्यक्रमों को एकीकृत करने से भविष्य के काम में महिलाओं की समान भागीदारी भी सुनिश्चित होगी।

### प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू

नई दिल्ली ,योग के प्रचार और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025 के आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

यह पुरस्कार योग के प्रति समर्पण और इसके वैश्विक प्रसार में योगदान करने वालों को मान्यता प्रदान करता है। पुरस्कार उन व्यक्तियों और संगठनों को दिए जाएंगे जिन्होंने योग के प्रचार–प्रसार और इसके विकास में महत्वपूर्ण और लगातार योगदान दिया है, चाहे वह राष्ट्रीय स्तर पर हो या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर। माई गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने एक्स पोस्ट पर लिखा, योग की परिवर्तनकारी शक्ति का जश्न मनाएं। पीएम योग पुरस्कार 2025 योग के प्रचार और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है।

## आपराधिक मानहानि मामले में मेधा पाटकर की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, दिल्ली के साकेत कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने दिल्ली के उप–राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार दिए गए नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर की सजा को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है. एडिशनल सेशंस जज विशाल सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया. सुनवाई के दौरान वीके सक्सेना की ओर से पेश वकील ने कोर्ट से मेधा पाटकर को आत्मसमर्पण करने का निर्देश देने का आग्रह करते हुए कहा था कि पाटकर की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है. उन्होंने कहा था कि इसे खारिज किया जाना चाहिए क्योंकि मेधा पाटकर की याचिका पर उनके हस्ताक्षर नहीं हैं. बता दें कि 27 जुलाई 2024 को सेशंस कोर्ट ने जुडिशियल मजिस्ट्रेट के फैसले पर रोक लगाते हुए वीके सक्सेना को नोटिस जारी किया था.

मेधा पाटकर ने जुडिशियल मजिस्ट्रेट की ओर से दी गई पांच महीने की कैद और दस लाख रुपये के जुर्माने की सजा को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है. जुडिशियल मजिस्ट्रेट ने 1 जुलाई 2024 को मेधा पाटकर को सजा सुनाई थी. जुडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में अधिकतम सजा दो साल की होती है, लेकिन मेधा पाटकर के स्वास्थ्य को देखते हुए पांच महीने की सजा दी जाती है.

# सम्पादकीय

## देश भर में हर रोज पैदा हो रहे हैं प्रशिक्षित बेरोजगार

कितनी दुखद स्थिति है कि जिस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) की गणना देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में होती है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद छात्रों को इन संस्थानों में प्रवेश मिलता है, जहां पढ़ाई एवं प्रशिक्षण का स्तर बहुत कठिन होता है। इसके बावजूद इस वर्ष वहां के 30—35 प्रतिशत स्नातकों को कैंपस प्लेसमेंट से नौकरी नहीं मिल सकी है। पिछले साल की तुलना में भर्ती की प्रक्रिया धीमी है। सूचना तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कम नौकरियां उपलब्ध हैं और हमारे देश में भी उसका असर दिख रहा है। करियर की सुरक्षा के कारण कुछ छात्र सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों में भी नौकरी करना चाहते हैं। यह भी कम दुखद नहीं है कि जिन छात्रों को प्लेसमेंट नहीं मिली है, उनमें से अनेक कोचिंग संस्थाओं में पढ़ाने का काम कर रहे हैं। तकनीक, इंजीनियरिंग और प्रबंधन के अच्छे संस्थानों के बहुत से छात्र अपेक्षा से कम वेतन पर भी काम कर रहे हैं। यह चिंताजनक स्थिति है और उद्योग जगत को आगे आकर प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना चाहिए। इसके चलते दूसरी समस्या हमारे देश में यह है कि विभिन्न शिक्षण संस्थानों के स्नातकों के बड़ा हिस्सा रोजगार के योग्य ही नहीं है। हाल में जारी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन एवं इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट की रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि कौशल और प्रशिक्षण का अभाव शिक्षित युवाओं में बड़ी बेरोजगारी की मुख्य वजह है। हमारे देश का शिक्षा उद्योग 117 अरब डॉलर से अधिक है और तेजी से नये—नये कॉलेज खुल रहे हैं, पर रोजागर नहीं मिल रहे हैं। आंकड़े कहते हैं कि हमारी आबादी का बड़ा हिस्सा युवा है और अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाये रखने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विकास के इस मोड़ पर युवाओं में कौशल का अभाव भारी नुकसान का कारण बन सकता है। एक ओर तो कुछ प्रतिष्ठित संस्थानों से निकले लोग वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व के स्तर पर हैं, तो दूसरी ओर स्नातकों की बड़ी संख्या के पास सामान्य रोजगार तक के लिए क्षमता की कमी है। पिछले साल के एक अध्ययन में पाया गया था कि देश में केवल 3।8 प्रतिशत इंजीनियर हैं, जिनके पास स्टार्टअप में सॉफ्टवेयर संबंधी नौकरी के लिए जरूरी कौशल है। हमारे देश में शिक्षा की जरूरत और मांग को देखते हुए निजी क्षेत्र का योगदान अहम है, लेकिन कई संस्थान ऐसे हैं, जहां शिक्षकों की कमी है, प्रयोगशालाएं नहीं है और पढ़ाई का स्तर निम्न है।

# बदल रहा मौसम, घर-घर हुआ बीमार



कोटद्वार का बेस अस्पताल जहां इन दिनों बुखार–जुकाम के मरीज बढ़ गए हैं।

### बेस अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में बढ़े मरीज

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** दोपहर के वक्त गर्मी और दिन ढ़लने के साथ ही तापमान में गिरावट। मौसम का यह उतार-चढ़ाव आमजन को बीमार करने लगा है। स्थिति यह है कि घर-घर में व्यक्ति सर्दी, जुकाम व बुखार से जूझ रहे हैं। बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी क्लीनिक में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बेस अस्पताल में हर रोज डेढ़ सौ से दो सौ मरीज बुखार के पहुंच रहे हैं। छोटे बच्चे भी वायरल बुखार की चपेट में हैं।

मार्च का महीना शुरू होने के साथ ही मौसम में बदलाव होने लगा है। दोपहर के समय धूप से जहां हल्की गर्मी का एहसास हो रहा है। वहीं, सुबह-शाम अब भी ठंड बरकरार है। अचानक तापमान में आए बदलाव से सर्दी-जुकाम व बुखार के मरीजों में इजाफा हो गया है। सुबह से ही अस्पतालों में पर्ची बनवाने के लिए मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। चिकित्सकों की मानें तो मौसम व तापमान में आ रहे बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है।

### यह हैं वायरल के लक्षण

तेज बुखार आना, ठंड लगना, नाक से पानी आना, गले में खरास, हल्की खांसी वायरल के मुख्य कारण है। ऐसे में बुजुर्ग व बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

### वायरल से बचाव के तरीके

वायरल से बचाव के लिए पानी को हल्का उबाल कर पीना चाहिए। घर के आसपास पानी जमा न होने दें। बुखार की शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। रेस्टारेंट में खाने से परहेज रखें।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सरस्वती शिशु मंदिर गवाणी का वार्षिकोत्सव रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। आयोजन में मेधावी एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया।वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. सुशील नवानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। डॉ. नवानी ने कहा कि शिशु मंदिर में पढ़ाई के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को संस्कारवान भी बनाया जाता है। शिक्षा और संस्कार मनुष्य का वास्तविक रूप में जीवन स्तर ऊंचा उठाते हैं। पर्यावरणविद् सुधीर सुंद्रियाल ने पढ़ाई के साथ-साथ जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी सचेत रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने तिबारी डंडीलियों मा रॉक एंड रोल और कांधू मा सिरूली राधा खैरी की गंजेली राधा पर हर कोई झूमने पर मजबूर हो गया। रामी-बौराणी नृत्य नाटिका ने भी मंत्रमुग्ध किया। प्रधानाचार्य रघुवीर रावत ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विद्यालय से वर्ष 2016 से अब तक 15 विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा व एक विद्यार्थी का चयन सैनिक स्कूल में हो चुका है। कार्यक्रम में क्षेत्र के महिला मंगल दलों की थड़या व चौफला नृत्य, गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें महिला मंगल दल चरगाड़ ने प्रथम, मालकोट ने द्वितीय व किमगिड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा मेधावी विद्यार्थियों और महिला मंगल दलों को पुरस्कृत किया गया। अशोक सुंद्रियाल के संचालन में हुए कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख सुरेंद्र रावत, प्रियंका रावत, ईश्वर चंद्र नवानी, उमेश चंद्र नवानी, सुमन ढौंडियाल, महिपाल नेगी, प्रभुशरण बुड़ाकोटी, भगवान नेगी, अशोक सुंद्रियाल और भगवान राणा आदि उपस्थित रहे।

# ध्वनि विस्तारण यंत्रों की ध्वनि को सीमित करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री राम युवा वाहिनी ने मस्जिदों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनि को सीमित करने की मांग की है। कहा कि इस संबंध में न्यायालय की ओर से भी निर्देश जारी किए गए हैं। लेकिन, नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में श्री राम युवा वाहिनी की ओर से उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। कहा कि वर्तमान में बच्चों की परीक्षाएं चल रही है। जिससे अधिक ध्वनि के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। साथ ही बुजुर्ग लोगों को भी दिक्कतें हो रही हैं। कहा कि उच्च न्यायालय ने सभी धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनि को सीमित करने के निर्देशित किया है। लेकिन, वर्तमान में कोटद्वार के समस्त मस्जिदों में आदेश का उल्लंघन हो रहा है। कहा कि यदि न्यायालय के आदेशों की अवहेलना होगी तो श्री राम युवा वाहिनी मुकदमा दर्ज करवाएगी। ज्ञापन देने वालों में यति परमात्मानंद गिरी महाराज, अजय सिंह नेगी, विक्रम, हार्दिक सिंह शामिल रहे।

## कार्यक्रम आठ मार्च को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महाराज अग्रसेन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासंगठन की ओर से आयोजित किया जाएगा। महासंगठन के अध्यक्ष राम प्रसाद जिंदल ने कहा कि कार्यक्रम नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर में सायं चार बजे से शुरू होगा। बताया कि कार्यक्रम में राधाकृष्ण की फूलों की होली व बच्चों के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगें। कार्यक्रम में महापौर शैलेंद्र सिंह रावत व रूड़की की महापौर अनीता अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक में दिनेश एरन, श्याम सुंदर अग्रवाल, अरविंद गोयल, सुमित गोयल, संजय मित्तल, अनिल गोयल, अभिषेक अग्रवाल, राजीव गुप्ता मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मिलेगा सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंच के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई है।

मंच के महासचिव जर्नादन प्रसाद ध्यानी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय दिवस पर कार्यक्रम मानपुर स्थित शांति वल्लभ मौमोरियल इंटर कॉलेज में होगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े दस बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में रंजना रावत बतौर मुख्य अतिथि व सुनीता बिष्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने मातृशक्ति से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया।

# हाथी की धमक, काश्तकारों की फसल की तबाह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में हाथी की धमक कम होने का नाम नहीं ले रही। मंगलवार रात पश्चिमी झंडीचौड़ में हाथियों ने खूब उत्पात मचाया। हाथियों ने काश्तकारों के खेतों में खड़ी फसल को तबाह कर दिया। काश्तकारों ने वन विभाग से हाथी के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

झंडीचौड़ का अधिकांश भाग जंगल से लगा हुआ है। ऐसे में आए दिन हाथी जंगल से निकलकर आबादी में धमक रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से लगातार हाथी आबादी में पहुंचकर काश्तकारों की फसल को चट कर रहे हैं। मंगलवार रात हाथियों का झुंड आबादी में पहुंच गया था। घंटों आबादी में घूम रहे हाथियों ने शोभा देवी, यशवंत सिंह के खेतों में खड़ी फसल को तबाह कर दिया। काश्तकारों ने एकजुट होकर कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को वापस जंगल में खदेड़ा। पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि क्षेत्र में हाथी सुरक्षा दीवार निर्माण के साथ ही वन कर्मियों की गश्त बढ़ाने के लिए कई बार वन विभाग को पत्र दे चुके हैं। लेकिन, अब तक समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई। बताया कि क्षेत्र के अधिकांश परिवार खेती पर ही निर्भर हैं। ऐसे में फसल बर्बाद होने से उन्हें आर्थिकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि काश्तकारों के हितों को देखते हुए हाथी को आबादी में आने से रोकने के लिए जल्द ही व्यवस्थाएं बनाई जानी चाहिए। साथ ही काश्तकारों को नुकसान का भी मुआवजा मिलना चाहिए।



हाथी द्वारा तबाह की गई फसल

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दुगड्डा के ग्राम जमणिया निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। बेस अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, ग्राम गोदी के तोक ग्राम जमणिया निवासी संतोष (32 वर्ष) पुत्र देव सिंह दुगड्डा बाजार में शराब के ठेके के समीप सड़क किनारे घायल हालत में बेहोश पड़ा मिला। सड़क से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस संतोष को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगड्डा लेकर पहुंची। जहां हालत गंभीरत देखते हुए चिकित्सकों ने संतोष को बेस अस्पताल रेफर कर दिया था। कोटद्वार बेस अस्पताल में उपचार के दौरान संतोष की मौत हो गई। दुगड्डा चौकी प्रभारी प्रद्युमन सिंह नेगी ने बताया कि आसपास के सीटीटीवी खंगालने पर पता चला कि युवक सड़क पर गिर गया था। जिससे उसके सिर पर चोट आ गई थी। बताया कि मृत्यु के वास्तविक कारणों की जांच को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

## पुलिस भर्ती : छूटे अभ्यर्थियों के लिए अंतिम मौका

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पुलिस भर्ती परीक्षा के छूटे हुए अभ्यर्थियों को गुरुवार को अंतिम मौका मिलेगा। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों की शारीरिक मानक एवं दक्षता परीक्षा के लिए तिथियां तय की गई थी, लेकिन कई कारणों से कई अभ्यर्थी शारीरिक मानक एवं दक्षता परीक्षा में हिस्सा नहीं ले पाए। कहा कि ऐसे अभ्यर्थी जो शारीरिक मानक एवं दक्षता परीक्षा के दौरान बीमारी, चोटिल होने व परीक्षा की तिथि में कोई अन्य परीक्षा होने के कारण पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रतिभाग नहीं कर पाए उन्हें गुरुवार को भर्ती में शामिल होने का अंतिम मौका दिया जाएगा। बताया कि ऐसे अभ्यर्थियों को मेडिकल प्रमाण पत्र, अनुपस्थित होने संबंधी वैध प्रमाण पत्र के साथ गुरुवार को शारीरिक मानक एवं दक्षता परीक्षा के लिए भर्ती केंद्र कण्डोलिया मैदान पौड़ी में पहुंचना होगा।

## साइबर क्राइम से बचाव की दी जानकारी

पौड़ी। थाना सतपुली पुलिस टीम द्वारा महाराज अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्विद्यालय, पोखड़ा में छात्र–छात्राओं को साइबर क्राइम, नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, व्हाट्सऐप आदि से संबंधित साइबर अपराधों, डिजिटल अरेस्ट से बचाव, साइबर हेल्पलाइन और उत्तराखण्ड पुलिस ऐप, यातायात के नियमों के संबंध के बारे में भी विस्तार से बताया गया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी समय पुलिस सहायता हेतु पुलिस हेल्प लाइन नंबर पर फोन कर सकते है।

# पुलकित आर्य ने नार्को टेस्ट करवाने के लिए दिया प्रार्थना पत्र



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अंकिता भंडारी हत्याकांड में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान आरोपी पुलकित आर्य की ओर से नार्को टेस्ट करवाने को लेकर एक प्रार्थना पत्र दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से इस प्रार्थना पत्र पर आपत्ति जताई गई है। मामले की अगली सुनवाई दस मार्च को होगी। बताते चलें कि बीती 28 फरवरी को बचाव पक्ष के अधिवक्ता का स्वास्थ्य खराब होने के कारण मामले में सुनवाई नहीं हो पाई। लिहाजा न्यायालय ने सुनवाई के लिए चार मार्च की तिथि तय की। इस क्रम में आज बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह को पेश किया गया, जिससे अभियोजन पक्ष की ओर से भी जिरह की गई। इधर, बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आरोपित पुलकित आर्य की ओर से एक प्रार्थना पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रार्थना पत्र में अभियोजन पक्ष की ओर से अभी तक पूरे प्रकरण में कोई चक्षुदर्शी गवाह पेश नहीं किया गया है। ऐसे में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उन्हें दोषी करार देना उचित नहीं है। प्रार्थना पत्र में पुलकित ने नार्को टेस्ट करवाने की गुजारिश की है, ताकि नार्को रिपोर्ट के आधार पर मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य सामने आ सकें। हालांकि, अभियोजन पक्ष की ओर से प्रार्थना पत्र पर आपत्ति जताई गई है।

## भारतीय दूरसंचार सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में भारतीय दूरसंचार सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुलाकात की। भारतीय दूरसंचार सेवा के 31 प्रशिक्षु अधिकारी तीन दिवसीय उत्तराखण्ड भ्रमण पर हैं, जिसके तहत वे स्मार्ट सिटी परियोजना का दौरा कर उनकी कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं की जानकारी लेंगे। राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि टेली–कम्युनिकेशन सेक्टर, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ है। उन्होंने अधिकारियों को तकनीकी नवाचार, साइबर सुरक्षा और डिजिटल समावेशन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। राज्यपाल ने कहा कि टेली–कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर देश के विकास का प्रमुख आधार है, और इसमें काम करने वाले अधिकारी डिजिटल क्रांति के अग्रदूत हैं।

## प्राइमरी शिक्षकों ने समय से पदोन्नति की जाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : प्राथमिक शिक्षक संघ पौड़ी ने बुधवार को डीईओ बेसिक से मुलाकात कर शिक्षकों की पदोन्नतियां समय से किए जाने और स्कूलों के कोटीकरण सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर वार्ता की।

संघ के जिलाध्यक्ष मनोज जुगरान ने कहा कि पौड़ी जिले में बीते डेढ़ साल से प्राइमरी शिक्षकों के पदोन्नतियों के प्रकरण लंबित चल रहे हैं। संघ ने मांग की है कि रिक्त पदों पर प्राइमरी के हेड और जूनियर के सहायक शिक्षकों की संयुक्त वरिष्ठता सूची बनाते हुए तत्काल पदोन्नति की जाए। साथ ही शिक्षकों के चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरण भी लंबित चल रहे हैं। इसके लिए मांग रखी गई है कि चयन प्रोन्नत वेतनमान समिति का गठन कर इन प्रकरणों का भी निस्तारण किया जाए। इसके अलावा प्राइमरी और उच्च प्राइमरी स्कूलों के कोटीकरण में जो विसंगतियां हैं उनको दूर करने के लिए कोटीकरण नए सिरे से किया जाए।

## छात्र होमस्टे को स्वरोजगार के रूप में अपनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में आयोजित देव भूमि उद्यमिता कार्यक्रम के सातवें दिन उद्यमिता विशेषज्ञ हिमांशु बर्थवाल ने छात्रों को होमस्टे को स्वरोजगार के रूप में अपनाने को प्रेरित किया। बताया कि राज्य सरकार उद्यमिता शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता और सब्सिडी प्रदान कर रही है। हिमांशु बर्थवाल ने होमस्टे के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने होमस्टे के कमरों को सजाने के लिए अपर्ण आर्ट के महत्व पर जोर दिया और सुझाव दिया कि होमस्टे को गूगल मैप पर रजिस्ट्रर करना चाहिए, ताकि इसे वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके। उन्होंने कहा कि होमस्टे मालिक के घर से जुड़ा होना चाहिए। कमरा अच्छा और पारंपरिक रूप से सजाया गया हो, होमस्टे में अधिकतम 6 कमरे होने चाहिए। एक समय में 12 लोगों तक की क्षमता होनी चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. एलआर राजवंशी ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में नए अवसरों और संभावनाओं से अवगत कराने के लिए आयोजित किया गया है। हमारा उद्देश्य छात्रों को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना और उन्हें उत्तराखंड की संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र में योगदान देने के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती रश्मि, डॉ. डीएस चौहान, वरुण कुमार, डॉ. दुर्गा रजक, डॉ. प्रीति रावत, वीके सैनी, डॉ. शुऐब अजीम अंसारी, डॉ. शहजाद, विमल रावत, रूप सिंह आदि मौजूद रहे।

# यूकेडी ने उठाई प्रेमचंद को मंत्री पद से हटाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उत्तराखंड क्रांतिदल ने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को जल्द मंत्री पद से हटाने की मांग की है।

बुधवार को पौड़ी में आयोजित पत्रकार वार्ता में उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने कहा कि प्रदेश कि सबसे उच्च सदन में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने पहाड़ी समाज के लोगों को अपशब्द कहे और इस दौरान केवल एक विधायक द्वारा इसका विरोध किया गया।

कहा कि अन्य विधायक इस दौरान चुप्पी सादे रहे, जोकि बड़ा ही निराशाजनक है। जिसकी उत्तराखंड क्रांति दल कठोर शब्दों में निंदा करती है। कहा कि सदन में हुए इस मामले से उत्तराखंड को बनाने में शहादत देने वाले 42 शहीदों का भी अपमान किया गया है। जिसको उत्तराखंड क्रांति दल कभी भी स्वीकार नहीं कर सकती। कहा कि जब तक प्रेमचंद्र अग्रवाल को पद से नहीं हटाती हैं उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

इस मौके पर दल के युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी ने कहा कि कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के खिलाफ प्रदेश में भारी रोष बना हुआ है। यूकेडी का युवा प्रकोष्ठ इस मामले में चुप नहीं बैठेगा जब तक प्रेमचंद अग्रवाल को मंत्री पद से बर्खास्त नहीं किया जाता यूकेडी का आंदोलन जारी रहेगा।

## गढ़वाल विवि में सुना गया पीएम मोदी का संबोधन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बजट के बाद रोजगार पर वेब गोष्ठी के सम्बोधन को सुना गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओमप्रकाश सिंह गुंसाई ने बताया कि तीनों परिसर के शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं छात्र–छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। प्रो. गुसांई ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाओं पर चर्चा की गई, जिसका अकादमिक क्षेत्रों में निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिभा को बढ़ावा देने, कौशल विकास और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

इस मौके पर टिहरी परिसर निदेशक प्रो. एए बौड़ाई, प्रो. एनके अग्रवाल, मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र सती, प्रो. दीपक सिंह, प्रो. प्रशान्त कंडारी, डॉ. हिरनमाय रॉय, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. नितेश बौंठियाल, डॉ. हनुमंत वागमरे, डॉ. रुकमणी, डॉ. अनुराही, डॉ. चन्द्रशेखर जोशी, डॉ. विनेश भाटिया आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पौड़ी जिले के 2041 लाभार्थियों को मिलेगी नंदा गौरा योजना की सौगात

## मिलेगी 9 करोड़ 46 लाख 11 हजार की सहायता राशि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी के 2041 लाभार्थियों को नंदा गौरा योजना की सौगात जल्द ही मिलेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिलने वाली इस योजना के लाभार्थियों को जल्दी आर्थिक सहायता राशि दी जायेगी। जिसमें जिले के लाभार्थियों को 9 करोड़ 46 लाख 11 हजार की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

उत्तराखंड सरकार की नंदा गौरा योजना महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार है। इस योजना के तहत उत्तराखंड में बेटी के जन्म के समय उस बेटी के लिए 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जब वह बेटी 12वीं उत्तीर्ण कर लेती है, तो उसको 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है।

नंदा गौरा योजना के लिए केवल उत्तराखंड में रहने वाले नागरिक ही पात्र होते हैं। महिला विकास विभाग द्वारा प्रदान की जानी वाली योजना वर्ष 2016-17 तक समाज कल्याण विभाग से प्रदान होती थी। डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग पौड़ी देवेंद्र थपलियाल ने बताया वर्ष 2024-25 के लिए जनपद पौड़ी में नंदा गौरा योजना के 2041 लाभार्थी चयनित हुए हैं। जिन्हें 9 करोड़ 46 लाख 11 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में जन्म लेने वाली 237 और 12वीं उत्तीर्ण करने वाली 1804 लाभार्थी बेटियां शामिल हैं। डीपीओ थपलियाल ने बताया कि जन्म लेने वाली लाभार्थी बेटियों को योजना की 26 लाख 7 हजार और 12वीं उत्तीर्ण लाभार्थी बेटियों को 9 करोड़ 20 लाख 4 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।




### जनपद पौड़ी में विकासखंडवार लाभार्थी

| विकास खंड | जन्म लेने वाली | 12वीं उत्तीर्ण |
|---|---|---|
| नैनीडांडा | 18 | 125 |
| बीरोंखाल | 9 | 138 |
| पाबौ | 17 | 133 |
| थलीसैंण | 25 | 218 |
| कल्जीखाल | 12 | 104 |
| कोट | 13 | 93 |
| पोखड़ा | 3 | 78 |
| एकेश्वर | 14 | 94 |
| पौड़ी | 21 | 94 |
| यमकेश्वर | 9 | 139 |
| रिखणीखाल | 1 | 86 |
| दुगड्डा | 69 | 267 |
| खिर्सू | 10 | 59 |
| द्वारीखाल | 9 | 104 |
| जयहरीखाल | 7 | 72 |
| कुल | 237 | 1804 |

# वनाग्नि एक अभिशाप, रोकथाम के लिए जनसहभागिता व रेखीय विभागों की तत्परता जरूरी : डीएफओ

## रानीगढ़ अदवाणी वनबंधु समिति का गठन, 30 गांवों के प्रधान व 28 वन सरपंच समिति में शामिल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशों के क्रम में वन विभाग के तत्वाधान में विकासखंड सभागार कल्जीखाल में प्रभागीय वनाधिकारी गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध की उपस्थिति में वनाग्नि की रोकथाम हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अदवाणी रेंज को वनाग्नि से बचाने के लिए रानीगढ़ अदवाणी वन बंधु समिति का गठन करने के साथ ही स्थानीय लोगों को वनाग्नि के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उच्च आदर्श प्राथमिक विद्यालय कल्जीखाल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत ज्ञान सहित विभिन्न प्रस्तुतियां दी, वही उन्नत गढ़वाल समाजिक संस्था टीम ने भी पर्यावरण संरक्षण एवं वन अग्नि रोकथाम पर लोकगीतों की प्रस्तुतियां दी।

बुधवार को आयोजित वनाग्नि रोकथाम जन जागरूकता अभियान के तहत कल्जीखाल में आयोजित कार्यक्रम में 30 ग्राम पंचायतों के प्रधान व 28 वन पंचायतों के सरपंच सहित राजस्व, पुलिस, वन, विकास विभाग के करीब 300 लोगों ने वनाग्नि की रोकथाम को लेकर शपथ ली। मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने अदवाणी रेंज को आग से बचाने के लिए घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने के उपरांत घोषणा पत्र को रानीगढ़ महादेव मंदिर में पुजारी को सौंपा। डीएफओ गढ़वाल ने कहा कि वनाग्नि पर रोकथाम लगाने के लिए जनसहभागिता व अधिकारियों/कर्मचारियों की तत्परता अतिआवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपनी-अपनी ग्राम सभाओं में निवासरत प्रत्येक ग्रामवासी को वनाग्नि की रोकथाम के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वनाग्नि एक अभिषाप है इससे एक ओर जहां वनस्पतियों को नुकसान होता है वहीं वन्य जीव जंतुओं को भी इसकी क्षति का नुकसान झेलना पड़ता है। मुख्यातिथि द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख प्रशासक एवं प्रमुख प्रशासक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि वन अग्नि रोकथाम के लिए जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की सामूहिक सहभागिता जरूरी है। कार्यक्रम में डीएफओ सीविल एवं सोयम पवन नेगी, एसडीओ वन प्रभाग गढ़वाल आयषा बिष्ट, एसडीओ थलीसैंण लक्की शाह, खंड विकास अधिकारी कल्जीखाल गंगा प्रसाद लखेड़ा, अदवाणी रेंज अधिकारी दिनेश चंद्र नौटियाल, रेंज अधिकारी सतपुली भूपेंद्र नौटियाल, ग्राम प्रधान धनाऊ मल्ला एवं प्रधान प्रशासक संगठन जिला अध्यक्ष कमल रावत, कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन पटवाल, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख महेंद्र कुमार, प्रधान संगठन खंड कल्जीखाल अध्यक्ष रमेशचंद्र शाह, रोशन लाल, सरपंच गहड़ रामेश्वरी देवी, सरपंच दरवान सिंह, सरपंच रामकुमार नेगी आदि मौजूद थे।




### काश्तकार खेतों में न जलाएं आड़े

प्रभागीय वनाधिकारी गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध ने कहा कि अदवाणी रेंज में शीतलाखेत मॉडल के तर्ज पर रानीगढ़ अदवाणी वन बंधु समिति का गठन किया है। यह समिति वनाग्नि के शमन के साथ-साथ अनियंत्रित वनाग्नि से प्रभावितों व जीव-जंतुओं के बचाव में भी सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि जंगलों से सटे गांवों में निवासरत काश्तकार खेतों की साफ-सफाई/झाड़ी कटान से पैदा हुए आड़े को न जलाएं। साथ ही वन क्षेत्रों से होकर गुजरने वाले यात्रियों से वन क्षेत्रों में धुम्रपान, लाइटर, माचिस इत्यादि का प्रयोग नहीं करने की अपील की है।





## बीडीओ ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

जयन्त प्रतिनिधि।

थलीसैंण : उत्तराखंड बोर्ड की परिषदीय परीक्षा 2025 में परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के लिए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए है। बोर्ड की परीक्षाएं व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए अलग-अलग परीक्षा केंद्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है।

खंड विकास अधिकारी थलीसैंण टीकाराम कोटियाल ने बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज शिवली टैली राज, इंटर कॉलेज गुलियरी, राइंकॉ हिमाली धार, राइंकॉ चौरा, राइंकॉ तरपाली सेन में संचालित परीक्षा केंदों का निरीक्षण किया। इससे पूर्व राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण, राइंकॉ गंगाऊ में संचालित परीक्षा केंदों का निरीक्षण किया।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रश्न पत्र डिस्पैच, उत्तर पुस्तिका वितरण व संबंधित दस्तावेज के रख-रखाव संबंधी सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। खंड विकास अधिकारी थलीसैंण टीकाराम कोटियाल ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न होती हुई पाई गई। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मोटर मार्गों का निर्माण कार्य शुरू कराने की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : निवर्तमान प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से भेंट की। इस दौरान उन्होंने विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण कार्य समय पर किए जाने की मांग की। प्रधान संगठन कीर्तिनगर के निवर्तमान अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि पैण्डुला-अमरोली-कण्डोली मिसिंग मोटर मार्ग, ककड़पानी से बंगपानी होते हुए लूसी मोटर मार्ग, चौरीखाल सिरोड़ी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू न होने के कारण ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की मांग की है। कुकशाल ने बताया कि मोटर मार्ग मार्गों के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान कर जल्द कार्यों को शुरू करवाए जाने का आश्वासन दिया है। बताया कि वन विभाग में अटके मोटर मार्गों को निस्तारण के लिए वन मंत्रालय से वार्ता करने का आश्वासन दिया गया है।

## बायो मेडिकल वेस्ट की कमियों को जल्द सुधारे

पौड़ीमुख्य चिकित्साधिकारी डा. पारुल गोयल ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष के साथ ही सभी वार्डों का निरीक्षण किया। सीएमओ ने चिकित्सालय में बायो मेडिकल वेस्ट की कमियों को जल्द सुधारने के निर्देश दिए। कहा कि बायोमेडिकल वेस्ट का नियमानुसार त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने वार्डों में प्रतिदिन चादरें बदलने, चिकित्सालय में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश अफसरों को दिए।

## एक नजर

### मत्स्य पालन की जानकारी दी

चमोली। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत छात्र–छात्राओं ने मत्स्य पालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। मत्स्य पालन विशेषज्ञ हर्षवर्धन नौटियाल ने विद्यार्थियों से कहा कि मत्स्य पालन से स्वरोजगार उत्पन्न किया जा सकता है। साथ ही मत्स्य पालन इकोसिस्टम की सुरक्षा के लिए एवं भारतीय परम्परा में वास्तु शास्त्र की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। वे मत्स्य पालन के साथ बत्तख एवं मुर्गी पालन भी करते हैं। बत्तख एवं मुर्गी के फूड वेस्ट का सेवन मछलियां करती हैं। इस प्रोसेस में लागत कम आती है एवं मुनाफा अधिक है। मत्स्य पालन के माध्यम से एक्वेरियम का काम भी किया जा सकता है, जिससे काफी मुनाफा कमाया जा सकता है।

### सड़क व खेल मैदान को लेकर लोनिवि की शिकायत की

नई टिहरी। चंबा ब्लाक के ग्राम बुडोगी चवालखेत के ग्रामीणों ने डीएम को शिकायत पत्र प्रेषत कर बताया कि लोनिवि चंबा ने डायजर से जिला कार्यालय तक बनाई सड़क का मलबा बच्चों के खेलने के लिए बनाये गये चवालखेत में डाला गया है। जिससे अब बच्चों के खेलने के मैदान नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। लोनिवि चंबा ने एक और कारनामा करते हुए घोनाबागी से चवालखेत होके नई टिहरी के लिए सड़क का निर्माण किया है। किंतु इसे बनाने के आठ साल बाद इसे मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है। जिसकी दूरी मात्र 100 मीटर है। लोनिवि चंबा ने यहां पर सीमा समाप्ति का बोर्ड लगाकर इतिश्री की है। नहीं लोनिवि चंबा ने अपने बनाये सड़क के हिस्से का अभी तक डामरीकरण किया है। ग्रामीणों की बार–बार की शिकायत के बाद भी लोनिवि चंबा के आलाधिकारी आंख–कानू बंद कर बैठे हैं। लोनिवि की इस लापवाही कार्यप्रणाली से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### अधिवेशन 11 और 12 को

नई टिहरी। उत्तराखंड चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय अधिवेशन 11 और 12 मार्च को जिला मुख्यालय के इंट्रीगेटेड इलेक्शन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। महासंघ के जिलाध्यक्ष त्रिलोक सिंह नेगी, सचिव पुष्कर सिंह नयाल ने बताया कि अधिवेशन के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित होंगे। बताया कि अधिवेशन में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा होगी। बताया कि डीएम ने अधिवेशन में शामिल होने वाले समस्त विभागों के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का दो दिवसीय अवकाश भी स्वीकृत किया है।

### शतरंज में सुमित और मानसी रहे अव्वल

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय अगरोड़ा में चल रह वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न खेलों में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सुमित चंद (बालक वर्ग) और मानसी (बालिका वर्ग ) ने शतरंज के खेल में प्रथम स्थान हासिल किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए हर्षिल-मुखवा क्षेत्र तैयार

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए हर्षिल-मुखवा क्षेत्र सज-संवर कर पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आग्रह पर शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री वृहस्पतिवार को हर्षिल-मुखवा क्षेत्र के भ्रमण पर आ रहे हैं। जिसे देखते हुए उत्तरकाशी जिले के इस सीमावर्ती क्षेत्र में गजब का उत्साह एवं उल्लास देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री की आगवानी के लिए हर्षिल क्षेत्र के निवासी बड़ी संख्या में निचली घाटियों के शीतकालीन प्रवास स्थलों से अपने मूल घरों को लौट आए हैं और पिछले दिनों हुई बर्फबारी से सराबोर हर्षिल घाटी में ठिठुरन की बजाय गर्मजोशी का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वृहस्पतिवार 6 मार्च को हर्षिल-मुखवा क्षेत्र के प्रस्तावित दौरे के तहत सबसे पहले गंगा जी के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा (मुखीमठ) जाकर गंगा मंदिर में दर्शन-



पूजन करने का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए मुखवा स्थित गंगा मंदिर एवं स्थानीय भवन शैली से बने पौराणिक भवनों को भव्य तरीके से सजाने के साथ ही समूचे मुखवा गांव को भी सजाया-संवारा गया है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुखबा मंदिर के बाद प्रधानमंत्री पूर्वाह्न 10.30 बजे हर्षिल पहुंचकर उत्तराखंड शीतकालीन पर्यटन और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जादुंग व पीडीए के लिए मोटर बाईक व एटीवी-आरटीवी रैलियों तथा जनकताल एवं मुलिंगला के लिए ट्रैकिंग अभियानों का झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। सीमावर्ती नेलांग-जादुंग-पीडीए क्षेत्र का मनमोहक शीत मरूस्थली पठार का क्षेत्र अभी तक पर्यटन की गतिविधियों से अछूता रहा है। प्रधानमंत्री के हाथों इन क्षेत्रों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों के शुभारंभ से इस क्षेत्र में पर्यटन विकास के नए द्वार खुल जाएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री के द्वारा हर्षिल में जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा। हर्षिल में जनसभा के लिए बड़ा पंडाल स्थापित करने के साथ ही साज-सज्जा कर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने हर्षिल-मुखवा क्षेत्र में की गई विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कहा कि उत्तरकाशी जिला प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु पूरी तरह से तैयार है।

### अधिकारियों ने हर्षिल में डाला डेरा

जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल सहित प्रशासन व पुलिस के तमाम अधिकारी इन दिनों हर्षिल में ही डेरा डाले हुए हैं। प्रधानमंत्री के दौरे की व्यवस्थाओं को लेकर अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को हर्षिल क्षेत्र में तैनात किया गया है। क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती करने के साथ ही विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। बुधवार को पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे, सचिव गृह शैलेश बगोली, आयुक्त गढवाल मंडल एवं सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पाण्डेय, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. वी मुरूगेशन व ए.पी. अंशुमान, महानिदेशक सूचना वंशीधर तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने हर्षिल क्षेत्र का भ्रमण कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

## एकल गायन में विनीता नेगी ने मारी बाजी




**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : जिला स्तरीय युवा कल्याण महोत्सव में विभिन्न महिला मंगल दलों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में थलीसैंण ब्लॉक की प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

एकल गायन प्रतियोगिता में ब्लॉक की प्रतिभागी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक का नाम रोशन किया है। विकासखंड थलीसैंण के ग्राम कैन्यूर की पूर्व प्रधान विनीता देवी नेगी ने जिले में एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि लोकनृत्य में ग्राम मुसेटी श्रीमती बबीता, विनीता देवी नेगी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# चार धाम यात्रा पंजीकरण के नए नियम का विरोध

देहरादून। चार धाम यात्रा पंजीकरण के नए नियम का होटल एसोसिएशन, तीर्थ पुरोहितों ने विरोध किया। तीर्थ पुरोहित महापंचायत के महासचिव बृजेश सती ने यातायात निदेशालय के यात्रा में आने वाले वाहनों के पंजीकरण के दौरान डेस्टिनेशन के रूप में होटल की बुकिंग अनिवार्य रूप से दिखाने का विरोध किया। तत्काल इस नए नियम को वापस लेने को दबाव बनाया। महासचिव बृजेश सती ने कहा कि उत्तराखंड चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को रजिस्ट्रेशन के साथ ही डेस्टिनेशन बताने को कहा जा रहा है। इसे लेकर चार धाम यात्रा से जुड़े लोगों में खासी नाराजगी है। चार धाम होटल एसोसिएशन, तीर्थ पुरोहितो के साथ ही व्यापार सभा से जुड़े अन्य लोग भी आदेश से नाराज हैं। कहा कि सरकार ने यदि इस तरह के आदेश को वापस न लिया तो सड़कों पर उतर विरोध जताया जाएगा। अगले सप्ताह देहरादून में होने वाली बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा।

कहा कि पिछले दिनों कैबिनेट ने रजिस्ट्रेशन के साथ ही डेस्टिनेशन से संबंधित एक प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की है। चार धाम यात्रा को लेकर इस तरह के नए नए प्रयोग बंद किए जाएं। रजिस्ट्रेशन के नाम पर यात्रियों को परेशान किया जा रहा है। अब रजिस्ट्रेशन के साथ ही डेस्टिनेशन बताने का भी नया नियम जोड़ दिया है। उत्तराखंड होटल एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष राजेश मेहता ने कहा कि ऐसे फैसलों से व्यापारी और होटल उद्योग से जुड़े हुए लोग चिंतित हैं।

### रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्रों को शलाका परीक्षा में मिली सफलता

नई टिहरी। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय शलाका परीक्षा में तीन स्थानों पर सफलता प्राप्त की है। संस्कृत भारती की ओर से हर वर्ष अखिल भारतीय स्तर की राष्ट्रीय शलाका परीक्षा आयोजित होती है। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के लोकेश चंद्र बड़सीलिया ने सांख्य शलाका में प्रथम, मयंक तिवारी ने साहित्य शलाका में द्वितीय व तनस्वी ने अमरकोश शलाका में तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत भारती की ओर से इस बार विभिन्न शास्त्रों की परीक्षा जयराम ब्रह्मचर्याश्रम दिल्ली में आयोजित की गई। परिसर के छात्र नितिन फुलारा और अमन भट्ट ने परीक्षा में भाग लिया था। मार्गदर्शक के रूप में न्याय विभाग प्राध्यापक डॉ. जनार्दन सुवेदी थे। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्रों ने विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

# बाल लेखन कार्यशाला में बच्चे दिखा रहे अपनी प्रतिभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा द्वारा उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद के सहयोग से राजकीय इंटर कॉलेज चाक्यूसैंण में चल रही बच्चों की 5 दिवसीय बाल लेखन कार्यशाला के दूसरे दिन शब्द लेखन, अंग्रेजी लेखन, पहाड़ प्रतियोगिता के साथ ही खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यशाला में 73 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं।

भारत ज्ञान विज्ञान समिति के अग्रिम सुंदरियाल ने बच्चों को विज्ञान के कई खेल कराए। उन्होंने आग खाने, मंत्र द्वारा नारियल में आग पैदा करने, मनचाही मिठाई का स्वाद चखने, पॉलीथीन की थैली को आग के ऊपर रखकर चाय बनाने आदि विज्ञान के कई प्रयोगों की जानकारी बच्चों को दी गई। भारत ज्ञान विज्ञान समिति उत्तराखंड के प्रांतीय




महासचिव कमलेश खंतवाल ने कहा कि विज्ञान के आज के युग में भी हमारे समाज में कई अंधविश्वास व कुरीतियां व्याप्त है। इसके लिए बच्चों के मन में बचपन से ही वैज्ञानिक सोच जाग्रत करने की आवश्यकता है। शिक्षाविद् एवं भारत ज्ञान विज्ञान समिति की राज्य संयोजिका डॉ. उमा भट्ट ने बच्चों को कविता लेखन की बारीकियां सिखाई। उन्होंने महिला दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला व पुरुष एक गाड़ी के दो पहिए हैं। एक पहिए के बिना गाड़ी नहीं चल सकती है, परंतु महिलाओं को आज भी दोयम दर्जे का समझा जाता है। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करके सबसे पहले आत्मनिर्भर होना होगा। अपनी सुरक्षा के लिए भी तत्पर रहना होगा। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेता साहिल, मयंक, नीरज, अलक्षित, कनिष्का, साक्षी, वंदना, सोनिया व आदित्य को पुरस्कार में बाल साहित्य दिया गया। इस अवसर पर राइंकॉ चाक्यूसैंण के प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह बिष्ट, बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा के सचिव व बालप्रहरी पत्रिका के संपादक उदय किरौला, जय रतन नेगी, सुनीता बडोला, राकेश तिवाड़ी, आबिद अहमद, विवेक डबराल, सुरेंद्र सिंह रावत आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थिति थी।

# मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान शुरू

## 1 से 15 मार्च तक चलाया जा रहा विशेष अभियान ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध रहेगी मतदाता सूची

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर मतदाता सूची को त्रुटिहीन, शुद्ध और परिपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 01 मार्च से 15 मार्च 2025 तक जनपद में मतदाता सूची सुधार हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी (नोडल अधिकारी) को विस्तृत कार्य योजना के साथ ही मतदाता सूची की जांच और सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत की मतदाता सूची को रैंडम चेक करते हुए अभिलेखों से मिलान किया जाएगा, ताकि कोई नाम छूटने न पाए। उन्होंने बताया कि पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधि, अधिकारी, जो ग्राम पंचायत क्षेत्र में सामान्यतः निवासी हों और अर्हता पूरी करते हैं, उनके नाम सूची में शामिल हैं या नहीं, यह सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रशासकों द्वारा ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित कर मतदाता सूची को सार्वजनिक किया जाएगा। इच्छुक व्यक्तियों को निःशुल्क आवेदन फॉर्म (प्रपत्र 2, 3 एवं 4) उपलब्ध कराया जाएगा।

भरे हुए फॉर्म को संगणक द्वारा अगले दिन संबंधित अधिकारी को सौंपा जाएगा, और तीन दिन के भीतर निस्तारण कर सूची में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आयोग एवं जनपद की वेबसाइट पर अद्यतन मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस विशेष



अभियान की जानकारी ग्राम पंचायत स्तर तक पहुँचाने के लिए पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वर्ष 2019 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद में कुल एक लाख, चौरानबे हजार, छह सौ तिरानवे मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 90131 अगस्त्यमुनि विकास खंड में, 70882 जखोली विकासखंड में तथा 33680 विकासखंड ऊखीमठ में पंजीकृत मतदाता थे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची को त्रुटि रहित एवं अपडेट करने का अभियान 15 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें पात्र मतदाताओं को अपने नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और त्रुटियों को सुधारने का मौका मिलेगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साथ ही सुनिश्चित करें कि उनका नाम सही तरीके से मतदाता सूची में दर्ज हो।

### पीएसीएल निवेशकों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

देहरादून। पीएसीएल में निवेश करने वाले लोगों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया।

सभी ने निवेश की गई धनराशि वापस करवाने की मांग उठाई। मांगों को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों ने जिलाधिकारी के माध्यम से सेवी अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से उन्होंने बताया कि ऑल इन्वेस्टर सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन पीएसीएल के निवेशकों द्वारा गठित राष्ट्रीय पंजीकृत संगठन है।

## संस्कृत ग्राम योजना के लिए गांवों का किया चयन : प्रो वरखड़ी

नई टिहरी। केंद्रीय संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में संस्कृत भाषा के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए संस्कृत ग्राम योजना बनाई गयी है। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा इसके लिए प्रदेश के हर जनपद में एक गांव का चयन किया गया है। इन गांवों में निवास करने वालों को अपने दैनिक व्यवहार में संस्कृत भाषा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इन गांवों में संस्कृत प्रशिक्षक की नियुक्ति भी की जायेगी। कुलपति प्रो वरखेड़ी के अनुसार देवभाषा संस्कृत से समाज के हर वर्ग तक को जोड़ने का लक्ष्य है। केंद्रीय संस्कृत विवि ने उत्तराखण्ड की धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक महत्ता को देखते उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी के साथ संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार की पहल प्रदेश में की है। उत्तराखण्ड में भोगपुर देहरादून, नूरपुर हरिद्वार, मुखेम टिहरी, कोटगांव मोरी उत्तरकाशी, डिम्मर चमोली, गोदा खिरसू पौड़ी गढ़वाल, बैंजी रुद्रप्रयाग, कोटा बाग नैनीताल, जैती ताड़ीखेत, अल्मोडा, खर्ककार्की चंपावत, शेरी बागेश्वर, उर्ग मुनाकोट पिथौरागढ, नगला तराई उधम सिंह नगर को संस्कृत ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। प्रदेश में विवि के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग के निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम के अनुसार उत्तराखण्ड संस्कृत विवि से भी इसको लेकर कई करार हुए हैं। डॉ.सूर्यमणि भंडारी को संस्कृत ग्रामों का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### सिमली में नालियां बंद होने से हो रही दिक्कत

चमोली। नालिया बंद होने से सिमली में दुकानदारों और पैदल आवाजाही करने वाले लोगों को दिक्कत हो रही हैं। बीरेंद्र कुमार और गोपी डिमरी ने बताया कि एफसीआई गोदाम से पेट्रोल पंप तक नालियां चोक होने से कई पानी और कीचड़ सड़क पर बह रहा है। ऐसे में स्कूली बच्चे व बुजुर्ग लोग सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। रात को वाहन चालकों को इन नालियों की गहराई का पता नहीं चल रहा है और उनके वाहन फंस जा रहे है। वहीं, लोगों को इन नालियों में गिरने का खतरा बना हुआ है और इससे गंदी बदबू का आना भी आम बात हो गई है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**नं. 75-W/2/3/WA/Publication** **दिनांक : 03.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 336-DRM-MB-24-25 Date 03.03.2025 |
| कार्य का नाम | AT Welding of R-260,60Kg/90UTS & 52kg/90UTS rails with Railway portion under DEN/II/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 27.03.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 69,79,816.37 |
| धरोहर राशि | 1,39,600.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.03.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

684/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई–टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन **16.00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 345-DRM-MB-24-25 Dt. 04.03.2025 |
| कार्य का नाम | Manufacturing, supplying & loading, leading, unloading & stacking of 80000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway specification including loading of ballast in to Rly. Wagons / hoppers at Pathri Sub Depot – A under Sr.DEN/C/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 27.03.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत (रु.) | 9,56,90,400.00 |
| धरोहर राशि (रु.) | 6,28,500.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 13.03.2025 |

सं.: Sr. DEN-C/Publication/24-25 दिनांक: 04.03.2025 705/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## छात्रों ने जानी आस्ट्रेलिया की शिक्षा प्रणाली

देहरादून। उत्तरांचल विश्वविद्यालय में बुधवार को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय प्रबंधक सेबेस्टियन कुंट्जे ने छात्रों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के छात्रों को आस्ट्रेलिया की शिक्षा प्रणाली, नौकरी के अवसर और अन्य तरह की जानकारियां दी। ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स के निदेशक प्रो. श्रवण कुमार ने सेबेस्टियन कुंट्जे के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सेबेस्टियन कुंट्जे ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी सिडनी में वैश्विक अनुभव के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। ताकि छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा व रोजगार के अवसर मिल सकें। इस संवाद में छात्रों ने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लिया, अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के संभावित अवसरों पर चर्चा की। इसके बाद, यूआईटी, और यूएससीएस के निदेशकों के साथ पाठ्यक्रम समन्वय, क्रेडिट ट्रांसफर, ड्यूल डिग्री प्रोग्राम, छात्र विनिमय कार्यक्रम, और अध्ययन–अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों आदि पर विचार–विमर्श किया गया। फिर विवि के प्रबंधन सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस. एल. आर.: गाड़ी सं. **14816** (F-I, F-II, R-I), **19566** (F-I, F-II, R-I), **12912** (F-I), **14308** (F-I, F-II, R-I), **14631** (F-I, F-II, R-I), **19610** (F-I), **14230** (F-I, F-II, R-I), **12056** (F-I), **14310** (F-I), **14042** (F-I, F-II, R-I), **14120** (F-I), **12172** (F-I), **14090** (F-I, F-II, R-I), **14318** (F-I), **15019** (F-I), **19272** (F-I), **14311** (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **20.03.25 (Timings: 10:00 am)** को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस. एल. आर.: गाड़ी सं. **14320** (F-I, F-II, R-I), **22918** (F-I), **14236** (F-I, F-II, R-I), **14321** (F-I), **14718** (F-I, F-II, R-I), **12091** ((F-I, F-II, R-I), **14315** (F-I, F-II, R-I), **14605** (F-I), **12037** (F-I), **15120** (F-I), **12018** (F-I) **14887** (F-I, F-II, R-I), **14304** (F-I,F-II,R-I), **14306** (F-I, F-II, R-I), **14314** (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **21.03.25 (Timings: 10:00 am)** को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

710/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### महिला कर्मचारियों को स्वच्छता और कैंसर पर जागरूक किया

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में झाझरा स्थित गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. केकेबीएम सुभारती अस्पताल की ओर से अमेटो ऑटोमोटिव सेलाकुई, देहरादून में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हीना मित्तल ने किया। उन्होंने महिला कर्मचारियों को माहवारी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं पर जागरूक किया गया। उन्हें समाधान व विशेष दिनों में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। डॉ. मित्तल ने महिलाओं को स्तन एवं सर्वाईकल के बचाव के बारे में भी विस्तार से बताया।

# अपर जिला मजिस्ट्रेट ने किया ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

चमोली। अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने बुधवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।

निरीक्षण के दौरान सहायक जिला



निर्वाचन अधिकारी डीसी सती, कांग्रेस पार्टी के मदन लोहानी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह रावत आदि मौजूद थे।

# आयुष्मान कार्ड के लिए राशन कार्ड अनिवार्यता खत्म हो

देहरादून। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर आयुष्मान कार्ड से हो रहे इलाज और कार्ड बनाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कई खामियां हैं, जिनमें सुधार की जरूरत है। अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि कुछ समय से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक मात्र राशन कार्ड की अनिवार्यता कर दी गई है। ऐसे में जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, वह आयुष्मान कार्ड बनाने में असमर्थ हैं, जिनको राशन कार्ड की जरूरत भी नहीं है, उन्हें भी जबरन राशन कार्ड बनाना पड़ रहा है। राशन कार्ड बनाने में आय सीमा 40 हजार रुपये प्रति माह है, यदि किसी परिवार की आय इससे ज्यादा है तो उनका राशन कार्ड नहीं बन सकता। जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं, उनको इलाज में लाभ नहीं मिल पा रहा है, मरीज को भर्ती करने से पहले ही हजारों रुपये की जांच करवाई जा रही है। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड की अनिवार्यता समाप्त करने, सभी अस्पतालों को आयुष्मान के दायरे में लाने के साथ ही अन्य कमियां दूर करने की मांग की है। इस मौके पर पार्टी के संरक्षक सुरेश चंद्र जुयाल, प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना ईष्टवाल, संगठन सह सचिव राजेंद्र गुसाईं, दयानंद मनोरी, मीना थपलियाल, शांति चौहान, रंजना नेगी मौजूद रहे।

### अवैध मिनी अस्पताल को करें ध्वस्त

देहरादून। वसुन्धरा एन्कलेव कारगी रोड के लोगों ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी को पत्र लिखकर वसुन्धरा एन्कलेव में निर्माणाधीन अस्पताल को ध्वस्त करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि आवासीय कालोनी में अस्पताल का निर्माण नहीं होना चाहिए। क्षेत्रवासियों ने शिकायती पत्र में बताया है कि दून शहर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत एक चिकित्सक की ओर से अस्पताल बनवाया जा रहा है।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com